कुलगीत

विश्व के दिव्यांगजन का विश्वविद्यालय अनुपम
चित्रकूट वनस्थली में सुभग सारस्वत समागम
विश्व के दिव्यांगजन का ...
कल्प भारत का विमल उत्तर प्रदेश प्रकल्प है यह
जगद्गुरू श्री रामभद्राचार्य का संकल्प है यह,
विकल मानवता समर्चन हेतु यह मंदिर मनोरम
विश्व के दिव्यांगजन का ...
अब निजी अधिकार से दिव्यांग वंचित क्यों रहेगा
हो पराश्रित खिन्न मन अपमान जन का क्यों सहेगा
भावनाओं का करेगा राष्ट्र हित वह मधुर उद्गम,
विश्व के दिव्यांगजन का ...
धर्म का विज्ञान से करके सतत शाश्वत समन्वय
विश्वविद्यालय हरे दिव्यांग का संकट महाभय
अब छिडेगा ग्रीष्म में मधुमास का संगीत सरगम
विश्व के दिव्यांगजन का ...
सूचना प्रौद्योगिकी विज्ञान में हो पूर्ण शिक्षित
धर्म संस्कृति रामकृष्णादर्श गीता योग दीक्षित
अब बनेंगे कर्मयोगी हर निराशा का निविड तम
विश्व के दिव्यांगजन का ...
मंद को मति, बधिर को श्रुति, दृष्टिबाधित को सुदृष्टि,
लुंज को कृति, पंगु को गति, मूक को दे वचन सृष्टि
विश्वविद्यालय करे दिव्यांगजन को विगत संभ्रम
विश्व के दिव्यांगजन का ...
रामभद्राचार्य जिसके नित्यमेव कुलाधिपति हैं
विश्व के दिव्यांग भगिनी-बन्धु जिसके सुर सुमति हैं
यह सजाएँ देवगृह, निष्ठा कमलदल से सदा हम
विश्व के दिव्यांगजन का ...

Designed by: Department of Computer and Information Sciences.